शाजापुर+बुरहानपुर+खंडवा

दैनिक ध्रुव वाणी

# नेपा लिमिटेड के अधिकारियों और कर्मचारियों को साइबर ठगी से बचने के दिए टिप्स

## ई-मेल और सोशल मीडिया अकाउंट को टू-स्टेप वेरिफिकेशन से करें सुरक्षित

**नेपानगर ■ ध्रुव वाणी। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में बुधवार को प्रशासनिक भवन में सोशल मीडिया कैंपेन और जागरूकता विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकि) राम अलागेसन द्वारा इस कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने सोशल मीडिया की अवधारणा को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए मौजूद कर्मचारियों व अधिकारियों को साइबर ठगी से बचने के टिप्स दिए। उन्होंने मोबाइल के सिम कार्ड को लेकर नवीनतम कानूनी प्रावधानों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि नए नियमों के अनुसार 9 से अधिक सिम कार्ड क्रय करने पर साइबर अपराध के तहत कार्यवाही की जा सकती हैं।**



प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी ने बताया कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया और साइबर सुरक्षा अत्यंत चिंता का विषय है क्योंकि, बड़े बड़े हमलावरों से लेकर आपराधिक तत्वों से आप मात्र एक क्लिक की दूरी पर हो। ऐसे में हमारी सामाजिक छवि से लेकर संपत्ति तक की सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि सोशल मीडिया का उपयोग करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएं। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय से जारी दिशा निर्देशन में प्रति सप्ताह रोलिंग मीडिया प्लान के तहत नेपा लिमिटेड में कर्मचारियों को नवीनतम सूचनाओं और तकनीकी के साथ उत्पादकता बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है। इसी के तहत यहां पर विभिन्न विषयों को लेकर लगातार गतिविधियां आयोजित की जा रही है। सोशल मीडिया और साइबर जागरूकता विषय पर आयोजित सूचनात्मक कार्यशाला में हैकिंग, साइबर-अटैक, फ़िशिंग, घोटाले और सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म हैक होने से संबंधित बढ़ती चिंताओं को संबोधित करते हुए, आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने तकनीक का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों और प्रक्रियाओं पर एक सत्र आयोजित किया।

उन्होंने बताया कि ई-मेल से लेकर सोशल मीडिया अकाउंट को टू-स्टेप वेरिफिकेशन से सुरक्षित किया जा सकता है। कार्यशाला में सिर्फ साइबर ठगी से बचने के लिए ही नहीं सवालों के जवाब भी देकर संतुष्ट किया गया। कार्यशाला में उपस्थित अफसर कर्मियों ने व्यक्तिगत साइबर स्वच्छता के बारे में जानकारी प्राप्त की जिसमें पासवर्ड बनाना, दो कारक प्रमाणीकरण से लेकर डेटा संरक्षण, बैकअप रणनीतियों, क्लाउड, सुरक्षा, सोशल मीडिया, ऑनलाइन उपस्थिति, डिजिटल फुटप्रिंट इत्यादि की बारीकियों को समझा।

वरिष्ठ प्रबंधक वाणिज्य ज्ञानेश्वर खैरनार, सतर्कता प्रकोष्ठ के प्रबंधक विभाग संजीव कानाड़े, उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सीएन वर्मा, उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा विकास रेड्डी, सहायक विधि अधिकारी दीपक ठाकुर, ओपी शुक्ला, प्रभुलाल जायसवाल, काजोल बुग्गीवाला, सौम्या क्षोत्रीय, युवराज मोदी, सुषमा गौर, प्रतीक चौधरी, पंकज मराठे, शिवनंदन उमाले, इश्यान व्यास, विकास कोकटनूर, मीत भट्ट, माधुरी धामणदेकर, कनक गुरव सहित मिल के कई अफसर कर्मियों ने इस कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

---

दैनिक भास्कर


बुरहानपुर 25-07-2024

जागरूकता • एशिया की पहली अखबारी कागज मिल नेपा लिमिटेड में एक दिवसीय कार्यशाला हुई

# अफसरों को साइबर ठगी से टू-स्टेप वेरीफिकेशन सिस्टम की दी जानकारी

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में बुधवार को सोशल मीडिया कैंपेन और जागरूकता विषय पर कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी राम अलागेसन ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने सोशल मीडिया की अवधारणा, साइबर ठगी से बचने के टिप्स दिए। मोबाइल के सिम कार्ड को लेकर नवीनतम कानूनी प्रावधानों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि नए नियमों के अनुसार 9 से अधिक सिम कार्ड खरीदने पर साइबर अपराध के तहत कार्रवाई की जा सकती हैं। प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन महेंद्र केशरी ने बताया आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया और साइबर सुरक्षा ज्यादा चिंता का विषय है क्योंकि, बड़े बड़े हमलावरों से लेकर आपराधिक तत्वों से आप मात्र एक क्लिक की दूरी पर हो। ऐसे में हमारी सामाजिक छवि से लेकर संपत्ति तक की सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि सोशल मीडिया का उपयोग करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएं।



अफसर, कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला हुई।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय से जारी दिशा निर्देश में हर सप्ताह रोलिंग मीडिया प्लान के तहत नेपा लिमिटेड में कर्मचारियों को नवीनतम सूचनाओं और तकनीकी के साथ उत्पादकता बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है। इसी के तहत यहां पर विभिन्न विषयों को लेकर लगातार गतिविधियां आयोजित की जा रही है। सोशल मीडिया और साइबर जागरूकता विषय पर आयोजित सूचनात्मक कार्यशाला में हैकिंग, साइबर अटैक, फिशिंग, घोटाले और सोशल मीडिया प्लेटफार्म हैक होने संबंधित बढ़ती चिंताओं पर संबोधित करते हुए आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने तकनीक का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों और प्रक्रियाओं पर एक सत्र आयोजित किया। उन्होंने बताया ई-मेल से लेकर सोशल मीडिया अकाउंट को टू-स्टेप वेरिफिकेशन से कैसे सुरक्षित किया जा सकता है। कार्यशाला में सिर्फ साइबर ठगी से बचने के लिए ही नहीं, सवालों के जवाब भी देकर संतुष्ट किया गया। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक वाणिज्य ज्ञानेश्वर खैरनार, सतर्कता प्रकोष्ठ के प्रबंधक विभाग संजीव कानाड़े, उप प्रबंधक वित्त व लेखा सीएन वर्मा, उप प्रबंधक वित्त व लेखा विकास रेड्डी, सहायक विधि अधिकारी दीपक ठाकुर, ओपी शुक्ला, प्रभुलाल जायसवाल, काजोल बुग्गीवाला, सौम्या श्रोत्रिय, युवराज मोदी, सुषमा गौर, प्रतीक चौधरी, पंकज मराठे, शिवनंदन उमाले, इशान व्यास, विकास कोकटनूर, मीत भट्ट, माधुरी धामंदेकर, कनक गुरव सहित मिल के अफसर, कर्मचारी मौजूद थे।

# नेपानगर नेपा लिमिटेड में सोशल मीडिया कैंपेन के तहत साइबर जागरूकता



**जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर/नेपानगर।** नेपा लिमिटेड में साइबर ठगी से बचाएगा टू-स्टेप वेरीफिकेशनई-मेल और सोशल मीडिया अकाउंट को टू-स्टेप वेरिफिकेशन से करें सुरक्षित,सोशल मीडिया कैंपेन के तहत साइबर जागरूकता पर हुई कार्यशाला। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में बुधवार को प्रशासनिक भवन में सोशल मीडिया कैंपेन और जागरूकता विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकि) राम अलागेसन द्वारा इस कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने सोशल मीडिया की अवधारणा को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए मौजूद कर्मचारियों व अधिकारियों को साइबर ठगी से बचने के टिप्स दिए। उन्होंने मोबाइल के सिम कार्ड को लेकर नवीनतम कानूनी प्रावधानों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि नए नियमों के अनुसार ९ से अधिक सिम कार्ड क्रय करने पर साइबर अपराध के तहत कार्यवाही की जा सकती हैं। प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी ने बताया कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया और साइबर सुरक्षा अत्यंत चिंता का विषय है क्योंकि, बड़े बड़े हमलावरों से लेकर आपराधिक तत्वों से आप मात्र एक क्लिक की दूरी पर हो। ऐसे में हमारी सामाजिक छवि से लेकर संपत्ति तक की सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि सोशल मीडिया का उपयोग करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएं। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय से जारी दिशा निर्देशन में प्रति सप्ताह रोलिंग मीडिया प्लान के तहत नेपा लिमिटेड में कर्मचारियों को नवीनतम सूचनाओं और तकनीकी के साथ उत्पादकता बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है। इसी के तहत यहां पर विभिन्न विषयों को लेकर लगातार गतिविधियां आयोजित की जा रही है। सोशल मीडिया और साइबर जागरूकता विषय पर आयोजित सूचनात्मक कार्यशाला में हैकिंग, साइबर-अटैक, फ़िशिंग, घोटाले और सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म हैक होने से संबंधित बढ़ती चिंताओं को संबोधित करते हुए, आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने तकनीक का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों और प्रक्रियाओं पर एक सत्र आयोजित किया। उन्होंने बताया कि ई-मेल से लेकर सोशल मीडिया अकाउंट को टू-स्टेप वेरिफिकेशन से सुरक्षित किया जा सकता है।कार्यशाला में सिर्फ साइबर ठगी से बचने के लिए ही नहीं सवालों के जवाब भी देकर संतुष्ट किया गया। कार्यशाला में उपस्थित अफसर कर्मियों ने व्यक्तिगत साइबर स्वच्छता के बारे में जानकारी प्राप्त की जिसमें पासवर्ड बनाना, दो कारक प्रमाणीकरण से लेकर डेटा संरक्षण, बैकअप रणनीतियों, क्लाउड, सुरक्षा, सोशल मीडिया, ऑनलाइन उपस्थिति, डिजिटल फुटप्रिंट इत्यादि की बारीकियों को समझा।वरिष्ठ प्रबंधक वाणिज्य ज्ञानेश्वर खैरनार, सतर्कता प्रकोष्ठ के प्रबंधक विभाग संजीव कानाड़े,उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सीएन वर्मा,उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा विकास रेड्डी, सहायक विधि अधिकारी दीपक ठाकुर,ओपी शुक्ला, प्रभुलाल जायसवाल, काजोल बुग्गीवाला, सौम्या क्षोत्रीय,युवराज मोदी,सुषमा गौर, प्रतीक चौधरी, पंकज मराठे,शिवनंदन उमाले,इश्यान व्यास, विकास कोकटनूर, मीत भट्ट,माधुरी धामणदेकर,कनक गुरव सहित मिल के कई अफसर कर्मियों ने इस कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त किया।



# साइबर क्राइम से बचाव के तरीके बताए

## कार्यशाला ● बड़े हमलावरों से लेकर आपराधिक तत्व तक मात्र एक क्लिक की दूरी पर होते है हम

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018

**नईदुनिया न्यूज, नेपानगरः** नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में बुधवार को इंटरनेट मीडिया कैंपेन के तहत साइबर जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। साइबर ठगी, ई-मेल और इंटरनेट मीडिया अकाउंट को टू-स्टेप वेरिफिकेशन से सुरक्षित रखने की जानकारी दी गई। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय से जारी दिशा-निर्देश में प्रति सप्ताह रौलिंग मीडिया प्लान के तहत नेपा लिमिटेड में कर्मचारियों को नवीनतम सूचनाओं और तकनीकी के साथ उत्पादकता बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है। इसी के तहत यहां पर विभिन्न विषयों को लेकर लगातार गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

**नौ से अधिक सिम खरीदना साइबर अपराध की श्रेणीः** मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी राम अलागेसन ने इंटरनेट मीडिया की अवधारणा को लेकर मौजूद कर्मचारियों व अधिकारियों को साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए।



प्रशासनिक भवन में साइबर सुरक्षा की जानकारी प्राप्त करते अधिकारी और कर्मचारी। ● नईदुनिया

मोबाइल के सिम कार्ड को लेकर नवीनतम कानूनी प्रविधानों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि नए नियमों के अनुसार नौ से अधिक सिम कार्ड क्रय करने पर साइबर अपराध के तहत कार्रवाई की जा सकती हैं।

**सतर्कता के साथ करें उपयोगः** प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केसरी ने बताया कि आज के डिजिटल युग में इंटरनेट मीडिया और साइबर सुरक्षा अत्यंत चिंता का विषय है। क्योंकि बड़े हमलावरों से लेकर आपराधिक तत्वों से आप मात्र एक क्लिक की दूरी पर है। ऐसे में हमारी सामाजिक छवि से लेकर संपत्ति तक की सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि इंटरनेट मीडिया का उपयोग करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएं।

**टू-स्टेप वेरिफिकेशन से सुरक्षित करें अकाउंटः** इंटरनेट मीडिया और साइबर जागरूकता विषय पर आयोजित सूचनात्मक कार्यशाला में हैकिंग, साइबर-अटैक, फिशिंग, घोटाले और सोशल मीडिया प्लेटफार्म हैक होने से संबंधित बढ़ती चिंताओं को संबोधित करते हुए मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने तकनीक का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों व प्रक्रियाओं पर एक सत्र आयोजित किया। ई-मेल से लेकर इंटरनेट मीडिया अकाउंट को टू-स्टेप वेरिफिकेशन से सुरक्षित किया जा सकता है।

**डिजिटल प्रणाली को जानाः** कार्यशाला में उपस्थित अफसर, कर्मियों ने व्यक्तिगत साइबर स्वच्छता के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिसमें पासवर्ड बनाना, दो कारक प्रमाणीकरण से लेकर डेटा संरक्षण, बैकअप रणनीतियों, क्लाउड, सुरक्षा, इंटरनेट मीडिया, आनलाइन उपस्थिति, डिजिटल फुटप्रिंट इत्यादि की बारीकियों को समझा। वरिष्ठ प्रबंधक वाणिज्य ज्ञानेश्वर खैरनार, संजीव कानाड़े, सीएन वर्मा, उविकास रेड्डी, दीपक ठाकुर, ओपी शुक्ला, प्रभुलाल जायसवाल, काजोल बुग्गीवाला, सौम्या क्षोत्रिय, युवराज मोदी, सुषमा गौर आदि मौजूद रहे।

पत्रिका

एक दिवसीय कार्यशाला

- नेपा मिल में साइबर ठगी से बचने के बताए तरीके

# हमलावरों से लेकर आपराधिक तत्वों से आप मात्र एक क्लिक की दूरी पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में बुधवार को सोशल मीडिया कैंपेन और जागरूकता विषय पर एक कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी राम अलागेसन ने कार्यशाला का शुभारंभ किया।

उन्होंने सोशल मीडिया की अवधारणा, साइबर ठगी से बचने के टिप्स दिए। मोबाइल के सिम कार्ड को लेकर नए कानूनी प्रावधानों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि नए नियमों के अनुसार 9 से अधिक सिम कार्ड खरीदने पर साइबर अपराध के तहत कार्रवाई की जा सकती है। प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन महेंद्र केशरी ने बताया कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया और साइबर सुरक्षा ज्यादा चिंता का विषय है क्योंकि, बड़े बड़े हमलावरों से लेकर आपराधिक तत्वों से आप मात्र एक क्लिक की दूरी पर हो। ऐसे में हमारी सामाजिक छवि से लेकर संपत्ति तक की सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि सोशल मीडिया का उपयोग करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय से जारी दिशा निर्देश में हर सप्ताह रोलिंग मीडिया प्लान के तहत नेपा लिमिटेड में कर्मचारियों को नवीनतम सूचनाओं और तकनीकी के साथ उत्पादकता बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है। इसी के तहत यहां पर विभिन्न विषयों को लेकर लगातार गतिविधियां आयोजित की जा रही है। सोशल मीडिया और साइबर जागरूकता विषय पर आयोजित सूचनात्मक कार्यशाला में हैकिंग, साइबर अटैक और सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म हैक होने से संबंधित बढ़ती चिंताओं को संबोधित करते हुए आइटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने तकनीक का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों और प्रक्रियाओं पर एक सत्र आयोजित किया।



कार्यशाला का हुआ आयोजन।

उन्होंने बताया कि ई-मेल से लेकर सोशल मीडिया अकाउंट को टू-स्टेप वेरिफिकेशन से कैसे सुरक्षित किया जा सकता है। कार्यशाला में सिर्फ साइबर ठगी से बचने के लिए ही नहीं सवालों के जवाब भी देकर संतुष्ट किया गया। अफसर, कर्मियों ने व्यक्तिगत साइबर स्वच्छता के बारे में जानकारी ली जिसमें पासवर्ड बनाना, दो कारक प्रमाणीकरण से लेकर डेटा संरक्षण, बैकअप रणनीतियों, क्लाउड, सुरक्षा, सोशल मीडिया, ऑनलाइन उपस्थिति, डिजिटल फुटप्रिंट की बारीकियों को समझा। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक वाणिज्य ज्ञानेश्वर खैरनार, सतर्कता प्रकोष्ठ के प्रबंधक विभाग संजीव कानड़े, उप प्रबंधक वित्त व लेखा सीएन वर्मा, उप प्रबंधक वित्त व लेखा विकास रेड्डी, सहायक विधि अधिकारी दीपक ठाकुर, ओपी शुक्ला, प्रभुलाल जायसवाल, काजोल बुग्गीवाला, सौम्या क्षोत्रीय, युवराज मोदी, सुषमा गौर, प्रतीक चौधरी, पंकज मराठे, शिवनंदन उमाले, इश्यान व्यास, विकास कोकटनूर, मीत भट्ट, माधुरी धामणदेकर, कनक गुरव सहित मिल के कई अफसर, कर्मियों ने इस कार्यशाला में प्रशिक्षण लिया।